# पालीवाल समाज सेवा समिति की बैठक संपन्न

**राजसमंद।** पालीवाल समाज सेवा समिति की बैठक मंगलवार को मोराणा चौराहे पर समाज की धर्मशाला प्रांगण में सेवा समिति अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सेवा समिति के महामंत्री भगवतीलाल पालीवाल ने बैठक में समाज के सामाजिक संगठन को सुदृढ करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे।

इनमें कार्यकारिणी विस्तार, प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, खेलकूद प्रतियोगिताएं और चारभुजा धर्मशाला में अधूरे कमरों के निर्माण को पूरा करने तथा अन्य मरम्मत कार्यों को एक माह के भीतर पूर्ण करने पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

धर्मशाला प्रांगण में सेवा समिति अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

समिति अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल ने बताया कि नकारात्मक विचारों से दूर रहते हुए सकारात्मक सोच के साथए आपस में संवाद, सहमति और समझाइश के माध्यम से सभी का सहयोग लेकर आगे बढना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। इस

■ संगठन विस्तार, अधूरे निर्माण और सकारात्मक सोच पर जोर

दौरान उपाध्यक्ष ओंकारलाल पालीवाल, कोषाध्यक्ष बसंतकुमार पालीवाल, संगठन मंत्री प्रकाशचंद्र जोशी, चंद्रकांत ओडन, कालूराम साकरोदा, सत्यनारायण केसुली, सुरेशचंद्र भैंसाकमेड, जानकीलाल मुंडोल, पूर्व संयोजक नारायण पालीवाल, धर्मचंद पालीवाल, जगदीश पालीवाल, हीरालाल पालीवाल सहित समाजजन उपस्थित थे। बैठक में समाज के विकास और एकजुटता पर जोर दिया गया।

## अक्षय सिंह बने भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट

**राजसमंद ।** कांकरोली के गुडली निवासी अक्षय राज सिंह पुत्र श्याम सिंह सिसोदिया ने भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद अक्षय राज भारतीय थल सेना में कमीशन हुए। लेफ्टिनेंट बनने के बाद सोमवार देर शाम अपने गृह जिले राजसमंद पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि अक्षय राज सिंह ने 12वीं कक्षा के बाद टीईएस-45 (टेक्निकल एंट्री स्कीम) आर्मी में चयन होकर अपनी सैन्य यात्रा शुरू की। उन्होंने एक वर्ष का प्रशिक्षण ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी गया, बिहार में पूरा किया। इसके बाद उन्होंने तीन वर्षों तक कैडेट ट्रेनिंग विंग, एमसीईएमई सिकंदराबाद में कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कुल चार वर्षों के गहन सैन्य प्रशिक्षण के बाद उन्होंने भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त किया है।

## द मास्टर शेफ एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन

**उदयपुर ।** द मॉरल शॉपी, करिश्मा हेल्थ केयर एवं मेहता एजेंसी की ओर से महिलाओं और बच्चों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का पोस्टर विमोचन आज़ाद गलूंडिया एवं कैट वूमेन विंग की अध्यक्ष एवं महावीर युवा मंच संस्थान की महामंत्री विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने किया।

मयूरा मेहता ने बताया कि यह प्रतियोगिता विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को समर्पित रहेगी जो कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान उनके हुनर को निखारने का अवसर प्रदान करेगी। इस ऑनलाइन प्रतियोगिता को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। जिसमें पहला द मास्टर शेफ प्रतियोगिता -इस प्रतियोगिता में महिलाएं और बच्चे अपनी कुकिंग स्किल्स को प्रस्तुत करेंगे। यह तीन चरणों में आयोजित होगी। सभी

■ इस आयोजन का पोस्टर विमोचन आज़ाद गलूंडिया एवं कैट वूमेन विंग की अध्यक्ष एवं महावीर युवा मंच संस्थान की महामंत्री विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने किया

प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। शीर्ष 20 प्रतिभागियों को ट्रॉफी और गिफ्ट देकर सम्मानित किया जाएगा। अंत में एक विजेता को 'द मास्टर शेफ' की उपाधि प्रदान की जाएगी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता प्रतियोगिता भी तीन चरणों में संपन्न होगी हर प्रतिभागी को प्रत्येक चरण में पुरस्कार मिलेगा।

## अहमदाबाद विमान हादसा : प्रकाश मेनारिया का पैतृक गांव में अंतिम संस्कार

**उदयपुर ।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए राजस्थान 14 लोगों में से 7 का अंतिम संस्कार हो गया है। इनमें उदयपुर के मार्बल व्यवसायी संजीव मोदी के बेटे शुभ और बेटी शगुन भी हैं। दोनों को उदयपुर शहर में सोमवार शाम को सौ फीट रोड पर शहरवासियों ने श्रद्धांजलि दी। वही प्रकाश मेनारिया का उनके गाँव में मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया।

उदयपुर के रोहिड़ा गांव निवासी प्रकाश मेनारिया का शव परिजन मंगलवार सुबह गांव लेकर आए और अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले सोमवार की रात को प्रकाश का शव परिजनों को सौंपा गया था। उनका बेटा लोकेश और अन्य सदस्य मंगलवार सुबह गांव पहुंचे।इससे पहले सोमवार

■ राजस्थान के 4 लोगों की अब नही हुई पहचान, मार्बल व्यवसायी के बेटा-बेटी की याद में पौधे बांटे

की शाम को उदयपुर में शुभ और शगुन की शोकसभा में उदयपुर कलेक्टर नमित मेहता,यूडीए कमिश्नर राहुल जैन,शहर विधायक ताराचंद जैन सहित राजनीतिक दल के नेता, शहरवासी और पाली से भी समाज के लोग आए। उदयपुर के मार्बल व्यवसायी संजीव मोदी के बेटा-बेटी की याद में पौधे दिए गए।

जानकारी के अनुसार राजस्थान के चार लोगों की अभी भी पहचान नहीं हो पाई है। उदयपुर की पायल खटीक का शव हादसे के चार दिन बीतने के बाद भी अब तक परिवार को नहीं मिल पाया है। बांसवाड़ा की डॉ. दंपती की भी पहचान नहीं हो पाई है, हालांकि उनके 3 बच्चों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। बीकानेर के अभिनव परिहार का शव भी अब तक नहीं मिला है। परिजन चार दिन से अहमदाबाद में इंतजार कर रहे हैं।अभिनव अपनी पत्नी शिवानी और बेटा विहान को लेने लंदन जा रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए थे। परिवार वालों की मानें तो शव मिलने में अभी दो-चार दिन का समय और लग सकता है। परिवार वालों ने अभिनव का अंतिम संस्कार अहमदाबाद में ही करने का निर्णय लिया है।

## मोही की चारागाह भूमि पर होगा सघन वृक्षारोपण

**राजसमंद।** पंचायत समिति राजसमंद की ग्राम पंचायत मोही के चारागाह भूमि पर सघन वृक्षारोपण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी सिलसिले में मंगलवार को जतन संस्थान की ओर से प्रस्तावित वृक्षारोपण स्थल का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और जतन संस्थान के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आगामी दिनों में होने वाले इस महत्वपूर्ण वृक्षारोपण अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ चारागाह भूमि का विकास करना हैए जिससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान ग्राम विकास अधिकारी निधि आचार्य, उप सरपंच दिग्विजय, माधव लाल चंडालिया, रमेशचंद्र टाक और सुरेश चंद्र पुरबिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज राजसमंद में

**राजसमंद ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को राजसमंद जिले के दौरे पर रहेंगे। खास तौर से वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत ऐतिहासिक राजसमंद झील का पूजन करने के बाद आमजन को संबोधित करेंगे। साथ ही श्री द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन के साथ राजसमंद जिले के अन्य बडे प्रोजेक्ट को लेकर भी चर्चा संभव है। इधर, मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा व जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के साथ तमाम अधिकारी तैयारियों में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सुबह 10:50 बजे राजसमंद पहुंचना प्रस्तावित है। इसके लिए जिला पुलिस लाइन में हेलिपेड

■ राजसमंद झील का करेंगे पूजन, भिक्षु निलयम में जनसभा को करेंगे संबोधित

बनाया जा रहा है। पुलिस लाइन से कार के द्वारा प्रस्थान कर 11 बजे सिधे राजसमंद झील किनारे नौचोकी पाल पर पहुंचेंगे, जहां वैदिक रीति के तहत राजसमंद झील का पूजन करेंगे। उसके बाद कांकरोली में श्री द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर राजभोग की झांकी के दर्शन करेंगे। फिर राजसमंद शहर में भिक्षु निलयम के पास सभा प्रस्तावित है और आमजन को संबोधित करेंगे। वंदे गंगा जल संरक्षण महाभियान के बेहतर क्रियान्वयन एवं जनसहभागिता बढाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजसमंद पहुंच रहे हैं। साथ ही बजट घोषणा में प्रशासन व विभागीय कार्रवाई का फीडबैक भी ले सकते हैं।

अचानक मुख्यमंत्री का राजसमंद दौरा प्रस्तावित होने के साथ ही राजनीतिक गलियारे में भी खासी चर्चा है। गौरतलब है कि वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत राजसमंद जिले ने बेहतर कार्य कर प्रदेश में अव्वल स्थान बनाया है। जनसभा के बाद हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगे।

भाजपा कार्यकर्ता भी तैयारी में जुटे

मुख्यमंत्री की राजसमंद यात्रा को लेकर भाजपा कार्यालय में भी जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक ली। सीएम के स्वागत अभिनंदन से लेकर राजसमंद जिले के पुराने प्रोजेक्ट पर विचार विमर्श किया गया। स्वागत व अन्य पार्टी गतिविधियों के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष पालीवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जिला मुख्यालय पर आयोजित वंदे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान के तहत कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। बैठक में प्रकाश रांका, माधवलाल चौधरी, महेंद्रसिंह चौहान, प्रमोद गौड, अशोक रांका, खुशकमल कुमावत, बंशीलाल गुर्जर, संपतनाथ सिंह चौहान, हुकुमसिंह कितावत, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह भाटी सहित पदाधिकारी उपस्थित थे

## डॉ. अर्चना ने महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया

**उदयपुर।** सेफ वुमन कार्यक्रम में गीतांजलि हॉस्पिटल ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। इस आयोजन में 200 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें 15 से 65 वर्ष तक की विभिन्न आयु वर्ग की प्रतिभागी शामिल रहीं। इस अवसर पर गीतांजलि हॉस्पिटल की स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच और स्त्री स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे बदलती दिनचर्या, तनाव और अनियमित खानपान महिलाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, और इससे कैसे बचा जा सकता है। डॉ. अर्चना ने यह भी कहा कि एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और समाज की आधारशिला होती है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें और नियमित मेडिकल चेकअप कराएं। आयोजन में गीतांजलि हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने स्वास्थ्य से संबंधित सहयोग भी प्रदान किया। साथ ही संस्थान ने आयोजन के समर्थन के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि गीतांजलि न केवल इलाज का केंद्र है।

## 16वें निशुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर में 140 बच्चों को मिला लाभ

**राजसमंद।** राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय गणेश नगर में बुधवार को 16वें निशुल्क स्वर्ण प्राशन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 140 बच्चों को स्वर्ण प्राशन की दवा पिलाई गई। शिविर प्रभारी डॉ परसराम योगी ने बताया कि शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डॉ योगी ने बताया कि आजकल बच्चों में बिगडते खान-पान, खराब दिनचर्या और रहन-सहन के कारण उनकी शारीरिक और मानसिक रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती जा रही है।

ऐसे में स्वर्ण प्राशन ड्रॉप्स बच्चों की रोग प्रतिरोधक शक्ति बढाने, उनमें स्टेमिना और शार्पनेस लाने के साथ-साथ कई अन्य बीमारियों से बचाव में भी अत्यंत लाभकारी है। इस शिविर आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ समन्दर शर्मा ने का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अगला यानी 17वां स्वर्ण प्राशन शिविरए 16 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में डॉ अजय दाधीच, कम्पाउडर रुपलाल गवारिया, नर्स अरुणा टॉक और परिचारक हरिशंकर जोशी ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस पहल से बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिल रही है और आयुर्वेद के महत्व को भी बढावा मिल रहा है।

## श्री द्वारकाधीश मंदिर में खसखाना मनोरथ और श्री द्वारकेश उत्सव संपन्न

**राजसमंद।** श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के श्री द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली में आषाढ कृष्ण पक्ष छट मंगलवार को श्री द्वारकेश का उत्सव और वर्ष में एक बार आयोजित होने वाला खसखाना मनोरथ अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रातः श्रृंगार में श्री प्रभु द्वारकाधीश को केसरिया कुंजा की टोपी धारण कराई गई। साथ ही, केसरिया रूपहरी धोरा काछा के साथ हीरे और पच्ची के आवरण अंगीकार कराए गए, जिससे प्रभु का स्वरूप अत्यंत मनमोहक लग रहा था। शाम को भोग आरती के दर्शनों में श्री प्रभु को मोगरे की कलियों और फूलों से विशेष श्रृंगार कराया गया, जो शयन की झांकी तक यथावत रहा। मुख्य आकर्षण द्वारकेश महाराज के उत्सव पर आयोजित खसखाना मनोरथ रहा। इस मनोरथ के लिए रतन चौक और निज मंदिर की तिबारी को खसखस से बंगलेनुमा आकार में भव्य रूप से सजाया गया था। राजभोग के दर्शनों में प्रभु श्री द्वारकाधीश को इस खसखाने में विराजित किया गया। यह विशेष मनोरथ साल में केवल एक बार ही आयोजित किया जाता है, जो श्री द्वारकेश के उत्सव से जुडा है। मनोरथ के दौरान रतन चौक में जल भरा गया था और पानी के फव्वारे चल रहे थे, जिससे वातावरण और भी दिव्य एवं शीतलतापूर्ण हो गया था। शयन की झांकी में श्री प्रभु को यमुना के पाट पर विराजित किया गया।

## जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**उदयपुर।** जिला कलेक्टर नमित मेहता के निर्देशन में जिला परिषद सीईओ रिया डाबी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान सीईओ डाबी ने विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की जिले में प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इसके अलावा संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए।

सीईओ ने संबंधित विभागों को योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सीईओ डाबी ने नगर निगम, पशुपालन, सोशल जस्टिस, पीएचईडी, पीडब्लूडी, एवीवीएनएल, रसद समेत विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्थान पेंशनर समाज द्वारा पेंशनरों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण सम्पन्न

**राजसमंद।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला राजसमंद ने डिजिटल माध्यम से होने वाले पेंशन संबंधी कार्यों में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए जिला परिषद के प्रताप सभागार में आयोजित तकनीकी प्रशिक्षण शिविर में जिले भर से कई पेंशनरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजस्थान पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष पारस पितलिया और कार्यक्रम आयोजन मंत्री भागीरथलाल वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में पेंशन संबंधी सभी कार्य ऑनलाइन हो गए हैं, जिससे तकनीकी जानकारी के अभाव में पेंशनरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा था।

इसी को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक शैलेंद्र कुमार गुर्जर और भगवतीलाल सनाढ्य ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से पेंशनरों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इनमें अपने स्मार्ट मोबाइल से मासिक पेंशन

■ डिजिटल माध्यम से होने वाले पेंशन संबंधी कार्यों में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते दक्ष प्रशिक्षक

स्लिप डाउनलोड करना, साल भर में प्राप्त हुई कुल पेंशन राशि की जानकारी प्राप्त करना, पेंशन राशि से इनकम टैक्स कटौती व एरियर की जानकारी प्राप्त करना, पेंशन पोर्टल पर अपने पैन नंबर को आधार से लिंक करना, अपना जीवन प्रमाण पत्र सबमिट करना और उसका स्टेटस पता करना, आरजीएचएस के माध्यम से कैशलेस दवाएं प्राप्त करने हेतु फोटो पर्ची डाउनलोड करना और अपनी एसएसओ आईडी से टीआईडी जनरेट करना, अपना आयकर विवरण मोबाइल से पेंशन पोर्टल पर सबमिट करना, मेडिकल में आउटडोर सीमा राशि बढाने हेतु आवेदन डाउनलोड करना और भेजना, अपने पुनर्भरण दावों को सबमिट करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पितलिया ने पेंशन संबंधी विभिन्न मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा करते हुए पेंशनरों से अपने संगठन को और अधिक मजबूत करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि संगठन ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा पेंशनर अपनी समस्याओं को जयपुर तक पहुंचा पा रहे हैं और उनका समाधान भी हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के लिए 25 जून को जिला कोषालय परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पितलिया ने अधिकतम संख्या में पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों से इसमें भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने का आ ान किया। पितलिया ने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा पेंशनरों के हितों पर पारित किए गए विधेयक का कडा विरोध किया।

उन्होंने बताया कि इस विधेयक को वापस लेने के लिए 23 जून को तहसील मुख्यालय, उपखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय पर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा। उन्होंने सभी पेंशनरों से इस ज्ञापन कार्यक्रम में अधिकतम संख्या में भाग लेकर संगठन की मजबूती का परिचय देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में विगत दिनों में दिवंगत हुए पेंशनरों और अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे में दिवंगत हुए सभी पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रभुलाल कोठारी और राजाराम उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पेंशनर्स की शिकायतों के निवारण शिविर का आयोजन 25 को

पेंशनर्स की विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे जन्मतिथि निर्धारण, नाम संशोधन, पेंशन संशोधन, बकाया एरियर आदि के त्वरित समाधान के लिए 25 जून प्रातः 10 बजे से कोष कार्यालय राजसमन्द में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला कोषाधिकारी विशाल अग्रवाल ने बताया कि यह शिविर क्षेत्रीय कार्यालय, अतिरिक्त निदेशक पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग उदयपुर द्वारा जिला कोष कार्यालय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य पेंशनधारकों की लंबित परिवेदनाओं का मौके पर ही समाधान कर उन्हें राहत प्रदान करना है। अग्रवाल ने पेंशनर्स से अनुरोध किया है कि वे आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का आवेदन प्रस्तुत करें, जिससे उनका समाधान शीघ्रता से किया जा सके।

## सार-समाचार

### प्रवासी भामाशाह ने करवाए जल संरक्षण के कार्य

**उदयपुर।** वंदे गंगा अभियान अंतर्गत जिला कलेक्टर नमित मेहता के प्रयासों से प्रवासी राजस्थानियों को प्रेरित कर कर्मभूमि से मातृभूमि प्रकल्प के तहत जल संरक्षण के कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सूरत निवासी प्रवासी भामाशाह अनुराग कोठारी ने जिले में 50 वाटर रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण करवाया है। इन कार्यों का लोकार्पण मंगलवार को भूजल विभाग परिसर में भामाशाह के छोटे भाई मयंक कोठारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कोठारी ने विधिवत पूजा अर्चना कर संरचनाओं का लोकार्पण किया। भूजल विभाग से अभियान की नोडल अधिकारी मोनिका राठौड़ ने जल संरक्षण व पानी के विवेकपूर्ण उपयोग पर जानकारी दी। कार्यक्रम में विभाग के अधीक्षण भूजल वैज्ञानिक, अधिशाषी अभियंता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### हल्दीघाटी विजय दिवस की पूर्व संध्या पर पुष्पांजलि एवं आरती की

**उदयपुर।** बजरंग सेना मेवाड द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 18 जून हल्दीघाटी विजय दिवस की पूर्व संध्या पर आज मंगलवार को उपभोक्ता भंडार , प्रताप नगर पर स्थित प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्पांजलि एवं आरती का कार्यक्रम किया गया, जिसमें प्रमुख वक्ता कमलेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि हल्दीघाटी विजय दिवस के शुभ अवसर पर हम राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचने का संकल्प ले। कार्यक्रम में बजरंग सेना मेवाड के करणवीर सिंह राठौड, सुनील कालरा ,पुखराज सिंह राजपुरोहित, मुकेश सिंह रावत,ऋषभ सिंह गहलोत, सुरेश चौहान, शंकर सिंह राठौड, लक्ष्यराज सिंह पंवार, कंचन देवी राजपूत, वीणा राजगुरु, नूतन कंवर पंवार, अन्नपूर्णा सिकलीगर, प्रियंका सिंह सहित प्रमुख उपस्थित थे।

### तिलहन फसलों की उन्नत तकनीकी पर कृषक प्रशिक्षण एवं आदान वितरण कार्यक्रम

**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के अनुसंधान निदेशालय के अंतर्गत अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तिलहन पर फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन के तहत झाडोल में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य फसल विविधीकरण में तिलहन फसलों को शामिल करने को प्रोत्साहित करते हुए किसानों की आय और कृषि स्थिरता को बढाना था। कार्यक्रम में परियोजना प्रभारी डॉ. हरि सिंह ने परियोजना का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने तिलहन फसलों के महत्व, कृषि प्रणाली में विविधता लाने, और किसानों की आय बढाने के तरीकों पर जोर दिया। डॉ. एन.एल. मीणा, आर्चाय (कृषि विज्ञान) ने तिलहन फसलों में रोग प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। उन्होंने किसानों को तिलहन फसलों में होने वाले व्याधियो की पहचान, उनके प्रभाव, और प्रभावी प्रबंधन तकनीकों पर जानकारी दी। डॉ. नरेन्द्र यादव ने तिलहन आधारित खेती प्रणालियों के माध्यम से स्थायी कृषि विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने तिलहन आधारित फसल प्रणाली अपनाने के लाभों पर चर्चा की, जिसमें मृदा स्वास्थ्य सुधार, संसाधनों का कुशल उपयोग, और आर्थिक संवर्धन शामिल हैं। कार्यक्रम में झाड़ोल और फलासिया से कुल 30 किसानों ने भाग लिया ।

### महिला सशक्तिकरण को मिली गति

**राजसमंद ।** राजसमंद जन विकास संस्था ने कितेला में महिला सशक्तिकरण और न्यायपूर्ण समाधान को बढावा देने के उद्देश्य से परामर्श बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में जन विकास संस्था की ओर से परियोजना अधिकारी प्रीति शर्मा, काउंसलर कैलाश रेगर, क्षेत्रीय समन्वयक सीता रेगर, नीमा देवी, वनिता वैष्णव, सविता कुंवर, प्रेमा बाई, केली बाई, मीना कुंवर और अमरती देवी ने भाग लिया। कार्यालय में पंजीकृत कुल 6 मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। महिला लीडरों ने संबंधित पक्षों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें समझते हुए सक्रिय रूप से पैरवी की। उन्होंने दोनों पक्षों को शांतिपूर्ण तरीके से समझाया और आपसी सहमति से समाधान की दिशा में मार्गदर्शन किया। इस सार्थक संवाद प्रक्रिया के परिणामस्वरूप दो मामलों का निस्तारण किया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर न्याय और सामाजिक समरसता को बढावा मिला।

### कुश्ती में जीता रजत पदक

**राजसमंद ।** युवा ब्रह्मशक्ति मेवाड के खेल मंत्री और योग गुरु हितेश पालीवाल के सुपुत्र मनन पालीवाल (धोइंदा) राजसमंद ने जोधपुर में आयोजित 15 वर्षीय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राजसमंद जिले का नाम रोशन किया है। मनन ने 85 किलोग्राम वर्ग की ग्रीको रोमन कुश्ती में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक पर कब्जा जमाया। मनन की इस उपलब्धि के पीछे उनके कोच लीलाधर पालीवाल, योगेंद्र सेन, राजेश चौधरी, पवन कुमावत, सुनील शर्मा, जुगल किशोर माली, प्रवीण जोशी और चेतन सुथार का महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश रहा। उनकी कडी मेहनत और इन गुरुजनों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि मनन ने यह सफलता हासिल की। मनन पालीवाल की इस जीत से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है, यह उपलब्धि युवा खिलाडियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

## प्यार, धोखा और इंसानियत का संगम

**राजसमंद।** जिले के प्रमुख व सुरम्य स्थलों पर फिल्माया गया हिंदी वीडियो सॉन्ग "ख्वाहिशों का समंदर" लॉन्च किया गया। साउंड ऑफ लाइफ, म्यूजिकल ग्रुप ला म्यूजिका इंडिया म्यूजिक स्टोर और पीआईवी फिल्म्स प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में निर्मित यह गीत प्यार, धोखा, इंसानियत और लालच जैसे मानवीय पहलुओं को खूबसूरती से दर्शाता है। सॉन्ग के निर्माण कार्यकारी डॉ जगदीश जीनगर ने बताया कि "ख्वाहिशों का समंदर" एक गहन भावनात्मक गीत है, जिसका उद्देश्य दर्शकों को एक विचारोत्तेजक अनुभव प्रदान करना है। इस गीत में अभिनेत्री हीना सैयद और अभिनेता महेंद्र कुमावत ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं, जबकि डॉ जगदीश जीनगर, शेरा शर्मा, पवन शर्मा, मयंक बागोरा और आकाश माली ने भी अपने अभिनय से इसे जीवंत किया है। गीत का गायन, लेखन और निर्देशन मनोज पोरवाड ने किया है, जबकि संगीत मनोज-सुनील (मुंबई) द्वारा दिया गया है। निर्माण कार्यकारी प्रेमशंकर भट्ट हैं, और संगीत संयोजन सुनील दरनाल ने किया है। महेंद्र कुमावत ने कला निर्देशन का जिम्मा संभाला है, वहीं सह-निर्देशन कुमार दिनेश का है। फोटोग्राफी डायरेक्टर शाहिद शाह और इमरान शाह हैं, जबकि दिनेश यादव, देवेंद्र सिंह, अखिल नायक, शाहरुख शाह और फिरोज शाह ने कैमरे के पीछे अपना कमाल दिखाया है। संपादन दिनेश यादव ने किया है और सुरेश भाट व मयंक बागोरा प्रोडक्शन हेड हैं। ग्राफिक डिजाइन चौधरी ग्राफिक डिजाइन द्वारा किया गया है।


**नाम परिवर्तन**

मैं मुकेश कुमार कुमावतS/O श्री अंबालाल कुमावत निवासी कैलाश चौराहा धोईन्दाह.राजसमंद (राज.) अपना नाम बदलकर मुकेश कुमावत (Mukesh KumaWat) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना पहचाना जावे।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल उदयपुर,वृत्त-उदयपुर
(RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)
Email-DHCUDPR_RHB@RAJASTHAN.GOV.IN
पत्र क्रमांक:-उप.आ.आ./वृत्त-उदय/2025-26/191 दिनांक:-16.6.2025
Registerd

-: जाहिर आम सूचना ( मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण ):-

आवास संख्या 1/459 आय वर्ग EWS माप 36.00 वर्ग मीटर योजना भुवाणा आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्री पप्पु लाल खारोल पुत्र श्री नारायण खारोल को आवंटन पत्र क्रमांक 1963 दिनांक 05.11.2008 जारी कर दिनांक 14.12.2008 को कब्जा दिया गया। श्रीपप्पु लाल खारोल पुत्र श्री नारायण खारोल नेउक्त आवास कामुख्तियारनामा आम दिनांक 21.07.2009 द्वारा श्री वरगीस मैथ्यू पुत्र श्री एम.वी. मैथ्यू को नियुक्त किया गया। श्री वरगीस मैथ्यू पुत्र श्री एम.वी. मैथ्यू ने मुख्तियारनामा आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान दिनांक 20.03.2012 द्वारा स्वयं श्री वरगीस मैथ्यू पुत्र श्री एम.वी.मैथ्यू को किया गया। उक्त आवास का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण-पत्र क्रमांक 5237 दिनांक 30.03.2013 , श्री वरगीस मैथ्यू पुत्र श्री एम.वी. मैथ्यू को जारी किया गया एवं प्रथम पंजीयन दिनांक 02.04.2013 द्वारा श्री वरगीस मैथ्यू पुत्र श्री एम.वी. मैथ्यू के पक्ष में निष्पादित करवाई गई।

श्री वरगीस मैथ्यू पुत्र श्री एम.वी. मैथ्यू की मृत्यु दिनांक 20.09.2017 को हो जाने के पश्चात् उनकी पत्नी श्रीमती शीला वर्गीस पत्नी स्व.श्री वर्गीस मैथ्यू ने कानुनन उत्तराधिकारी होने का दावा करते हुये उक्त आवास का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु मण्डल में आवेदन किया है। मृतक के विधिक वारिसान ग्लोरी वर्गीस पुत्री स्व.श्री वर्गीस मैथ्यू नेदिनांक 04.11.2024 एवं शिफी वर्गीस पुत्री स्व.श्री वर्गीस मैथ्यू ने दिनांक 07.01.2025 को हक त्याग पत्र (पंजीकृत) द्वारा अपने अधिकारों का त्याग श्रीमती शीला वर